GOVT. P. G. COLLEGE
JIND
15 HARYANA BN NCC, JIND
NCC DAY CELEBRATION
BLOOD DONATION CAMP
23 NOV 2020
48MP AI QUAD CAMERA
Shot on realme 6i

कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

राजकीय पी.जी. कॉलेज से रक्तदान प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए रैली निकालते कैडेट्स। सुनील

जींद, 23 नवम्बर (ललित): 15वीं हरियाणा एन.सी.सी. बटालियन जींद के कमान अधिकारी कर्नल जयन्तो घोष के नेतृत्व में एन.सी.सी. दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय पी.जी. कॉलेज और सी.आर. किसान कॉलेज जींद के एन.सी.सी. कैडेट्स ने आमजन को रक्तदान के लिए जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

कर्नल जयन्तो घोष ने बताया कि एन.सी.सी. दिवस प्रत्येक साल नवम्बर के चौथे रविवार को मनाया जाता है। राष्ट्रीय कैडेट कोर का गठन 16 अप्रैल, 1948 में हुआ था। विश्व में युवा कैडेट्स के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम 1948 तहत हुई थी। एन.सी.सी. का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, मिल-जुलकर काम करने की क्षमता का विकास करना है। इसके अलावा एन.सी.सी. युवाओं में नेतृत्व की क्षमता और सेवा की भावना भी विकसित करता है। यह युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करता है और पहले से तैयार एक रिजर्व बल बनाता है ताकि इसका उपयोग राष्ट्रीय आपातकाल के समय सशस्त्र बल के रूप में किया जा सके।